# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

31/07/2020

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Bhaskar, Jaipur (R.J.)**

# रेपिड एक्शन फोर्स ने रासीमावि नयाबास में विद्यार्थियों को खेल सामग्री बांटी



जमवारामगढ़। रासीमावि नयाबास में छात्रों को खेल सामग्री देते कमांडेंट व अतिथि।

**भास्कर न्यूज** | जमवारामगढ़

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 83 बटालियन द्रुत बल व स्कूल प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। बटालियन कमांडेंट सुरेश पायल व सहायक कमांडेंट मनोज गुप्ता सहित जवानों ने विद्यालय के छात्र व अभिभावकों को फेश मास्क, सेनिटाइजर व साबुन वितरित किए। उन्होंने विद्यालय में खिलाड़ियों के लिए वॉलीबॉल, हैंड बॉल भेंट की। जवानों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। मुख्य अतिथि दी राजस्थान कोऑपरेटिव बैंक आफिसर एसोसिएशन प्रदेशाध्यक्ष लालाराम मीणा, सहायक कमांडेंट विकास बाबू व बीरबल मीणा तथा प्राचार्य सीताराम मीणा ने छात्र व अभिभावकों से कोरोना एडवाइजरी की पालना व आसपास में स्वच्छता रखने की अपील की। उपप्रधान रामफूल गुर्जर, महेंद्र लूणाका, जगदीश पीटीआई, दीपिका शर्मा, अंजु महरा, सरोज मालपानी, बटालियन इंस्पेक्टर अशोक कुमार, रामसहाय यादव, दीपेंद्र कुमार व धीरेंद्र कुमार, तहसीलदार राजेंद्र मीणा मौजूद रहे। विद्यालय की बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

Dainik navjyoti, Jaipur (R.J.)

# जरूरतमंदों को बांटे मास्क, सेनेटाइजर

ब्यूरो/नवज्योति,जयपुर। जमवारामगढ़ तहसील के नयावास गांव




में गुरुवार को रैपिड एक्शन फोर्स की तरफ से जरुरतमंद ग्रामीणों को फेस मास्क, हैण्डवाश, हैण्ड सैनिटाइजर, साबुन एवं स्कूली बच्चों को खिलौने आदि दिए गए। फोर्स के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में सामग्री वितरित की गई। ग्रामीणों ने इस मदद के लिए फोर्स को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पायल ने ग्रामीणों एवं बच्चों को पौधरोपण, जलसंरक्षण, प्रौढ़ शिक्षा, स्वरोजगार योजनाएं, करियर परामर्श और स्वच्छता अभियान के बारे में समझाया और कहा कोरोना महामारी के खिलाफ हम सबको मिलकर कार्य करना होगा। इसके लिए सभी अच्छे से 9-10 बार साबुन से हाथ धोकर, सैनिटाइजर का उपयोग करें। बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले। सोश डिस्टेंसिंग का पालन करें इस कोरोना से बचे रहेंगे।

**Rajasthan patrika, Jaipur (R.J.)**

## लोगों ने उत्साह से रोपे पौधे

# पर्यावरण सुरक्षा के लिए करें पौधारोपण

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
rajasthanpatrika.com

**जमवारामगढ़.** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयाबास में सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी-83 द्रुत कार्यबल सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में सेनेटाइजर सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधारोपण जरूरी है। कमांडेट ने कहा कि जल व पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए इसओर सभी को विशेष ध्यान देना चाहिए। राजस्थान को-ऑपरेटिव बैंक आफिसर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष लालाराम मीना ने सीआरपीएफ के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम की सराहना करते हुए ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। सहायक कमांडेंट विकास बाबू व मनोज कुमार गुप्ता, सहायक कमांडेट बीरबल मीना ने भी विचार व्यक्त किए। सीआरपीएफ ने विद्यालय को मास्क, हैड सेनेटाइजर उपलब्ध कराए तथा विद्यालय को खेल सामग्री भेंट की। कार्यक्रम में नयाबास के प्रधानाचार्य सीताराम मीणा, राउमावि मालावाला के बीरेंद्र कुमार मीना, महेंद्र मीना, प्रधानाचार्य जगराम मीना सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।




राउमावि नयाबास में बच्चों को सेनेटाइजर उपलब्ध कराते हुए।



देवगांव में पौधारोपण करते संत और उपस्थित अन्य।

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**देवगांव.** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे वृक्ष लगाओ, वृक्ष बचाओ अभियान के तहत गुरुवार को मंडल की शाखा देवगांव के मुख्य बस स्टैंड के पास निरंकारी सत्संग स्थल परिसर पर छायादार पौधे लगाए गए। ब्रांच मुखी रामप्रसाद व मंडल के अन्य सदस्यों ने मिलकर 31 पौधे लगाए। रामप्रसाद ने कहा कि वृक्ष वातावरण को शुद्ध व स्वच्छ बनाते हैं।

## मरीजों को फल वितरित

**बस्सी.** कस्बे के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों व लोगों ने मरीजों को फल वितरित किए। कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, निवर्तमान सरपंच विनोद शर्मा, डॉ. दिनेश मित्तल सहित अन्य लोगों ने फल बांटे।

Mahanagar Times, Jaipur (R.J.)

# कोरोना बीमारी को हल्के में न लें: सुरेश

न्यूज सर्विस/नवज्योति, जमवारामगढ़। 83 बटालियन द्रूत कार्य बल द्वारा गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयाबास में छात्रों और अभिभावकों को कोरोना बीमारी के लक्ष्ण और बचाव के तरीके बताए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने बताया कि कोरोना बीमारी को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। सावधानी ही इसका बचाव है। इस दौरान एक सिविक एक्शन कार्यक्रम शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान बटालियन द्वारा ग्रामीणों को फेस मास्क, हैंड वॉश, हैंड सेनेटाइजर, साबुन व स्कूली बच्चों को खेल सामग्री भी बांटी गई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के विभिन्न भागों में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित कर रहा है।

# सीआरपीएफ ने किया ग्रामीणों से संवाद

महानगर संवाददाता

जयपुर। 83 बटालियन द्रुत कार्य बल ने जमवारामगढ़ की ग्राम पंचायत नयावास में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में ग्रामीणों को फेस मास्क, हैंड वॉश, हैंड सेनिटाइजर, साबुन और स्कूली बच्चों को खेल सामग्री वितरित की गई। ग्रामीणों को पौधरोपण, जल संरक्षण,



कोविड-19 महामारी, प्रौढ़ शिक्षा, स्वरोजगार योजनाएं, कैरियर परामर्श और स्वच्छता अभियान से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजना के तहत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल देश के विभिन्न भागों में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित कर रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षा बलों और ग्रामीणों के मध्य आपसी मेल मिलाप और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करना है। सहायक कमांडेंट विकास बाबू ने बताया कि कोरोना महामारी के दौर में फेस मास्क और सेनिटाइजर का प्रयोग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए और आसपास के ग्रामीणों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में जमवारामगढ़ तहसीलदार राजेश मीणा, बैंक एसोसिएशन अध्यक्ष लालाराम मीणा, बीरबल राम मीणा, मनोज कुमार गुप्ता, उप प्रधान रामफूल मीणा, महेंद्र शर्मा, जयराम मीणा, शिवचरण मीणा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नयावास के प्रधानाचार्य सीताराम मीणा, अध्यापक वीरेंद्र मीणा, जगराम मीणा, बनवारीलाल मीणा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**